# जिसको तेरा भरोसा जिसको तेरा सहारा भजन लिरिक्स

जिसको तेरा भरोसा,
जिसको तेरा सहारा,
मजधार क्या करेगा,
मझधार ही किनारा,
जिसको तेरा भरोंसा,
जिसको तेरा सहारा।bd।

तर्ज – मेरा आपकी कृपा से।

---

तेरी कृपा से मोहन,
भक्तों की नाव चलती,
तूफान हो या आँधी,
उनको तो राह मिलती,
हाज़िर हुआ तू हरपल,
भक्तों ने जब पुकारा,
जिसको तेरा भरोंसा,
जिसको तेरा सहारा।bd।

---

होंठो पे नाम तेरा,
दिल में उमंग तेरी,
अलमस्त सा रहा मैं,
छाई तरंग तेरी,
रोशन है काली रातें,
पाकर तेरा नज़ारा,
जिसको तेरा भरोंसा,
जिसको तेरा सहारा।bd।

---

प्रभु हाथ जिसका पकड़े,
कभी छूटने ना देते,
अपने गले लगा के,
हर जख्म को है भरते,
'नंदू' दयालु मोहन,
भक्तो का रखवाला,
**Bhajan Diary Lyrics,**
जिसको तेरा भरोंसा,
जिसको तेरा सहारा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जिसको तेरा भरोसा,
जिसको तेरा सहारा,
मजधार क्या करेगा,
मझधार ही किनारा,
जिसको तेरा भरोसा,
जिसको तेरा सहारा।bd।

Singer – Vicky Kabi

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com